

02

तीन बार आया सीएम बनने का मौका: बीरेंद्र सिंह

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

नई दिल्ली, पृष्ठ-04, रविवार, 26 मार्च 2023

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

विक्रमी संवत 2080, अमांत-फाल्गुन, शुक्ल पक्ष पंचमी, मूल्य, 2.00 रुपए

04

वरुण बने मैन ऑफ द मैच




# शिविर में 10 महाविद्यालयों के 133 स्वयंसेवक ले रहे भाग




शिविर की शुरूआत करते हुए। आज समाज

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर (फॉर बॉयज) के तीसरे दिन शिविर की शुरूआत योग से हुई। शिविर की थीम भारतीय युवा चरित्र, व्यक्तित्व एवम स्वावलंबन है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत का मकसद योग से शिविर की शुरूआत कराने का पीछे सभी स्वयंसेवकों को पूरे दिन सतर्क रखना है ताकि स्वयंसेवक सभी गतिविधियों में भाग ले सकें।

प्रात-काल के मुख्य वक्ता एसके अग्रवाल (जीजी ग्रुप और एक्टिव रोटेरियन) ने वैश्विक तापन व पर्यावरण संबंधित अन्य संवेदनशील मुद्दों पर स्वयंसेवकों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि किस तरह हम अपनी दैनिक दिनचर्या से अपने पर्यावरण की दुर्दशा करते जा रहे हैं और हमारे पृथ्वी के वायुमंडल का औसतन तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ चुका है। हमें जीवन तत्वों यानी जल, वायु व मृदा का संरक्षण करना जरूरी है क्योंकि अगर इन तत्वों में हानिकारक बदलाव हुआ तो हमारे जीवन अत्यंत भयावह हो जाएगा।

गौरतलब है कि शिविर में 10 महाविद्यालयों के 133 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत ने शिविर के कुशल संचालन के लिए शिविर के समग्र प्रभारी डॉ अशोक कुमार निराला, कार्यक्रम अधिकारी डॉ शोभना गोयल, सुभाष कैलोरिया, लवकेश, मनमोहन सिंगला व शिविर से जुड़े सभी गैर शिक्षक वर्ग को बधाई दी